नौकरी न्यूज

हरियाणा में 11.36 लाख युवा 5-6 नवंबर को राजधानी व 17 जिलों में 1262 सेंटरों पर दो सत्रों में देंगे कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट

# सीईटी के एडमिट कार्ड 7 दिन पहले मिलेंगे, परीक्षा केंद्र में पेन तक नहीं ले जा सकेंगे, ईयर रिंग्स-नोज पिन भी बैन

- **परिवहन:** बस में सीट एडवांस बुक करा सकेंगे
- **परीक्षा:** 10:30 से 12 बजे व 3 से 4:30 बजे

सुशील भार्गव | राजधानी हरियाणा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने प्रदेश में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की भर्ती के लिए होने वाले कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की है। इसमें फैसला लिया गया है कि एनटीए हरियाणा के 17 जिलों और राजधानी चंडीगढ़ में ए कैटेगिरी के 1262 सेंटरों पर परीक्षा लेगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 7 दिन पहले जारी किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र में पेन, पैंसिल, रबर, शॉर्पनर, फ्लूड तक नहीं ले जा सकेंगे। पेन एनटीए उपलब्ध कराएगी। घड़ी, बेल्ट, अंगुठी, चेन, ईयर रिंग्स (कान की बालियां), नोज पिन (नाक का कोका) भी बैन की गई हैं। सीईटी के लिए 11,36,897 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। 5 और 6 नवंबर को दो सत्र में होने वाली इस परीक्षा के लिए एचएसएससी ने सारा डेटा एनटीए को भेज दिया है। एनटीए ने इसकी वेरिफिकेशन भी कर ली है। एनटीए ने उन सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी थी, जिनकी डयूटी पेपर में लगेगी, ताकि पता लगाया जा सके कि कोई कर्मचारी या अधिकारी पहले नकल या पेपर लीक के मामले में संलिप्त तो नहीं रहा है। अब रोडवेज विभाग परीक्षा केंद्रों के हिसाब से 4 से 7 नवंबर तक के लिए बसों का शेड्यूल बनाएगा। यह सोमवार को तैयार किया जा सकता है। बसों में सीटें ऑनलाइन और ऑफलाइन बुक कराई जा सकेंगी।

## भास्कर Explainer — सेंटर में 1 घंटे पहले पहुंचना होगा, डेढ़ घंटे में करने होंगे 100 प्रश्न, इस परीक्षा के तुरंत बाद 62 हजार भर्ती होंगी

**▪ परीक्षा का शेडयूल क्या रहेगा?**
5 और 6 नवंबर को दो सत्र में परीक्षा होगी। पहले सत्र में सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरे सत्र में दोपहर बाद 3:00 बजे से 4:30 बजे तक। परीक्षा केंद्र में 1 घंटे पहले पहुंचना होगा। 7 नवंबर को रिजर्व डे रहेगा। कहीं दोबारा परीक्षा की जरूरत पड़ी तो इस दिन परीक्षा होगी।

**▪ एडमिट कार्ड कब मिलेगा?**
परीक्षा से 7 दिन पहले एडमिट कार्ड जारी होंगे। ये एचएसएससी, एनटीए की वेबसाइट से संभवतः 28 अक्टूबर से डाउनलोड होंगे। एडमिट कार्ड की समस्याओं के हल के लिए पंचकूला में कंट्रोल रूम बनेगा। यहां एनटीए का तकनीकी अफसर रहेगा। फोन कर जानकारी ले सकेंगे।

**▪ नकल, पेपर लीक रोकने के इंतजाम हैं?**
सेंटरों पर जैमर लगेंगे। वीडियोग्राफी होगी। सुरक्षा की जिम्मेदारी हरियाणा पुलिस की होगी। परीक्षार्थी पहले व आखिरी के 30 मिनट में वॉशरूम भी नहीं जा सकेंगे। कोई आंसरशीट खाली नहीं छोड़ सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर परीक्षार्थी एचएसएससी की भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के लिए डीबार होगा।

**▪ परीक्षार्थी की वेरिफिकेशन कैसे होगी?**
पहली बार आइरिस सिस्टम अपनाया जाएगा, जो आधार कार्ड से लिंक होगा। यदि कोई परीक्षार्थी किसी दूसरे से पेपर दिलवाएगा तो बाद में जब आयोग के एग्जाम में आएगा तो क्रॉस चेकिंग होगी। वहां पकड़ में आ जाएगा।

**▪ सेंटर में कौन-कौन सी चीजें ले जाने पर पाबंदी रहेगी?**
मोबाइल, ब्लूटुथ व कोई भी इलेक्ट्रानिक वस्तु नहीं ले जा सकेंगे। घड़ी, बेल्ट, अंगुठी, चेन, ईयररिंग्स, नोज पिन पहनकर नहीं जा सकेंगे। पैन, पैंसिल, रबर, सार्पनर, फ्लूड नहीं ले जा सकेंगे। एनटीए की ओर से सेंटर में ही काला बाल पैन उपलब्ध कराया जाएगा। पानी की बोतल भी नहीं ला सकेंगे। परीक्षा केंद्र में एचएसएससी कैंपर के जरिए पेयजल की व्यवस्था करेगा। परीक्षा केंद्र पर अभी की 2 कलर फोटो सत्यापित कराकर ले जाएं। एक फोटो एडमिट कार्ड पर चिपकाना है। दूसरा अटेंडेंस शीट पर परीक्षा हॉल में लगेगा। फोटोयुक्त पहचान पत्र भी ले जाना होगा।

**▪ क्या कोविड-19 के नियम फॉलो होंगे?**
हां। एनटीए खुद सेंटर के अंदर ही मास्क देगा। एचएसएससी सेनेटाइजर उपलब्ध कराएगा।

**▪ किन जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं?**
झज्जर, रोहतक, चरखी दादरी, नूंह व जींद को छोड़ बाकी 17 जिलों में सेंटर बनाए हैं। चंडीगढ़ में भी 82 सेंटर हैं। बड़े शहरों में ही परीक्षा होगी। देहात में सिर्फ बिलासपुर, शाहाबाद, मुलाना, बराड़ा, साहा व पिहोवा में उप मंडल स्तर पर परीक्षा होगी।

**▪ परीक्षा केंद्र कितनी दूर दिए गए हैं?**
किसी परीक्षार्थी का सेंटर किसी भी जिले में दिया जा सकता है। सिर्फ दिव्यांगों के लिए गृह जिले में परीक्षा केंद्र बनाने की योजना है। महिलाओं को साथ लगते नजदीकी जिले में सेंटर दिए जाएंगे।

**▪ परिवहन की क्या व्यवस्था रहेगी?**
एचएसएससी ने रोडवेज को पत्र लिखकर उन 17 जिलों के लिए 4 से 7 नवंबर तक बसों की खास व्यवस्था करने को कहा है, जहां सेंटर बनाए गए हैं। रोडवेज के महानिदेशक वीएस दहिया का कहना है कि जितनी बसों की जरूरत होगी, उसी अनुसार सोमवार को शेडयूल बनेगा। बसें दूसरे जिलों में परीक्षार्थियों को छोड़कर आएंगी। इसके लिए बस अड्डों से बसों का संचालन होगा। ऑनलाइन व ऑफलाइन सीट बुकिंग भी कराई जा सकेगी।

**▪ पेपर का पैटर्न क्या होगा?**
पेपर में 100 प्रश्न होंगे। इसके 95 अंक होंगे। 5 अंक सामाजिक-आर्थिक आधार पर मिलेंगे। पेपर में उत्तर के रूप में 5 विकल्प होंगे। 5वां विकल्प प्रश्न हल नहीं किया होगा। यानी अगर प्रश्न का जवाब नहीं दे रहे हैं तो 5वां विकल्प भरना होगा। आयोग ने 25% प्रश्न हरियाणा से जुड़े होने का सुझाव दिया है। जनरल नॉलेज, करंट अफेयर्स, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, साइंस, इतिहास के प्रश्न होंगे।

**▪ ऑन्सर-की और रिजल्ट कब तक आएगा?**
परीक्षार्थी ने जो ईमेल आईडी दी हुई है, उस पर परीक्षा के 24 घंटे बाद ही रिस्पांस सीट आएगी। इसमें बताया जाएगा कि कितने प्रश्न हल किए हैं। एक सप्ताह में आंसर-की आ जाएगी। ऑब्जेक्शन के लिए एक प्रश्न की 100 रु. फीस होगी। दावा सही मिला तो राशि वापस होगी, अन्यथा जब्त होगी। एक से डेढ़ माह में रिजल्ट आएगा।

**▪ इस परीक्षा का उद्देश्य क्या है?**
एचएसएससी चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी का कहना है कि इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आने वाले युवा ग्रुप-सी की नौकरी के लिए विभागीय परीक्षा देकर भर्ती हों सकेंगे। ग्रुप-डी की भर्ती सीईटी की मेरिट के आधार पर हो जाएगी। इस परीक्षा के तुरंत बाद आयोग ग्रुप-सी की करीब 40 हजार और ग्रुप-डी की 22 हजार भर्तियां करेगा। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### किस जिले में कितने सेंटर और कैपेसिटी

| जिला | सेंटर | सीटें |
|---|---|---|
| फरीदाबाद | 216 | 62,373 |
| चंडीगढ़ | 82 | 29,816 |
| कुरुक्षेत्र | 109 | 29,438 |
| करनाल | 82 | 24,998 |
| गुड़गांव | 83 | 23,670 |
| सिरसा | 86 | 21,474 |
| पानीपत | 71 | 20,964 |
| अम्बाला | 74 | 20,150 |
| सोनीपत | 63 | 18,948 |
| यमुनानगर | 64 | 18,782 |
| हिसार | 68 | 17,902 |
| फतेहाबाद | 59 | 17,006 |
| पंचकूला | 64 | 16,098 |
| महेंद्रगढ़ | 40 | 12,376 |
| पलवल | 43 | 12,324 |
| नारनौल | 32 | 9,817 |
| रेवाड़ी | 26 | 8,034 |
| कुल | 1262 | 3,64,170 |